# 24 राजस्थान के प्रमुख साहित्यकार एवं पुस्तकें

1. सर्वप्रथम राजस्थानी भाषा का शब्द–कोष किसने तैयार किया?
(1) सीताराम लालस (2) महेन्द्र लालस
(3) जयनारायण व्यास (4) विजयदान देथा (1)

**व्याख्या–** जोधपुर के नैरवा के निवासी सीताराम लालस ने 'राजस्थानी भाषा का शब्दकोष' लिखा।

2. 'सतसैया के दोहरे, ज्यों नाविक के तीर' उक्त पंक्ति किसके दोहों के बारे में कही गई है?
(1) रहीम (2) सूर्यमल्ल मिश्रण
(3) बिहारी (4) मतिराम (3)

3. 'घरौंदा', 'मुर्दो का टीला', 'अंधेरे में जुगनू, 'कब तक पुकारूं' इत्यादि किसकी रचनाएँ हैं?
(1) मरूधर मृदुल (2) जबरनाथ पुरोहित
(3) रांगेय राघव (4) मणि मधुकर (3)

4. 'धर्मजुद्ध' व 'बोल म्हारी मछली कित्तो पाणी' नाटकों के रचयिता जोधपुर निवासी लेखक है?
(1) सोहनदान चारण (2) चन्द्र प्रकाश देवल
(3) अर्जुन पाल शर्मा (4) अर्जुन देव चारण (4)

5. कर्नल जेम्स टॉड के इतिहास ग्रंथ 'ऐनाल्स एण्ड एण्टीक्विटीज ऑफ राजस्थान' का हिन्दी में अनुवाद किसने किया?
(1) कविराजा श्यामल दास (2) गोपीनाथ शर्मा
(3) गौरीशंकर हीराचन्द औझा (4) दुरसा आढ़ा (3)

**व्याख्या–** गौरीशंकर हीराचन्द औझा का जन्म 1863 ई. में रोहिड़ा गाँव (सिरोही) में हुआ था। 1908 ई. में इन्हें 'राजपूताना म्यूजियम' अजमेर का क्यूरेटर बनाया गया। 1911 में इन्होनें सिरोही राज्य का इतिहास लिखा।

6. अगर आपको बूँदी के राजवंश के बारे में जानना है, तो निम्न में से कौन–सा ग्रन्थ पढ़ेंगें?
(1) कांन्हडदे प्रबंध (2) वंश भास्कर
(3) राज रत्नाकर (4) भाषा भूषण (2)

**व्याख्या–** सूर्यमल्ल मिश्रण द्वारा महाराव रामसिंह के कहने पर 1840 ई. में वंश भास्कर लिखना प्रारम्भ किया गया, परन्तु महाराव से अनबन होने पर 1856 में लिखना बंद कर दिया। इसके बाद इनके दत्तक पुत्र मुरारीदान ने इसे पुरा किया। इसमें बूँदी रियासत का पद्यात्मक इतिहास है। इसके अलावा राजस्थान की अन्य रियासतों का भी वर्णन मिलता है।

7. 'चेतावनी रा चुंगट्या' किसकी रचना है?
(1) प्रतापसिंह बारहठ (2) केसरी सिंह बारहठ
(3) सूर्यमल्ल मिश्रण (4) रणछोड़ भट्ट (2)

**व्याख्या–** 1911 ई. में जब महाराणा फतेहसिंह, लॉर्ड कर्जन के द्वारा आयोजित एडवर्ड सप्तम के सम्मान समारोह में 'दिल्ली दरबार' जा रहे थे, तो केसरीसिंह बारहठ ने इस कृत्य की निंदा स्वरूप महाराणा को डिंगल के 13 सोरठे 'चेतावनी रा चुंगट्या' भेजे, जिनको पढ़कर महाराणा दिल्ली जाकर भी दरबार में नहीं गये।

8. कवि पद्मनाभ द्वारा रचित 'कान्हड़देव प्रबन्ध' ग्रन्थ में किस युद्ध का वर्णन हैं?
(1) चित्तौड़ का युद्ध (1303 ई.)
(2) सिवाणा का युद्ध (1308 ई)
(3) जालौर का युद्ध (1311–12 ई.)
(4) रणथम्भौर का युद्ध (1301 ई.) (3)

9. दयाल दास री ख्यात में निम्न में से किस रियासत के शासकों का वर्णन है?
(1) बीकानेर (2) जैसलमेर
(3) जोधपुर (4) जयपुर (1)

10. निम्न में से कौनसी रचना पृथ्वीराज राठौड़ की नहीं है?
(1) गंगा लहरी (2) गंगा जी रा दूहा
(3) दशम भागवत रा दूहा (4) डिंगल कोष (4)

**व्याख्या–** डिंगल कोष सूर्यमल्ल मिश्रण की रचना है।

11. निम्न में से कौनसी रचना कन्हैयालाल सेठिया की नहीं है?
(1) लीलटांस (2) रमणीय रा सोरठा
(3) रूंख (4) सबद (3)

**व्याख्या–** रूंख नामक रचना विजयदान देथा की है।

12. 1544 ई. के गिरी सुमेल युद्ध का वर्णन किस पुस्तक में है?
(1) तारीख–ए–शेरशाही (2) ताज उल मासिर
(3) तबेकात ए नासिरी (4) तुजुक ए राजपूताना (1)

**व्याख्या–** तारीख–ए–शेरशाही नामक रचना अब्बास खाँ सरवानी की है।

13. सगत रासो के लेखक हैं?
(1) प्रतापसिंह बारहठ (2) गिरधर आसिया
(3) सूर्यमल्ल मिश्रण (4) रणछोड़ भट्ट (2)

**व्याख्या–** गिरधर आसिया द्वारा रचित इस पुस्तक में महाराणा प्रताप के भाई शक्ति सिंह के चरित्र का वर्णन है, यह 943 छंदो का प्रबन्ध काव्य है।

14. 'धोरां रो धोरी' के रचयिता हैं?
(1) मेघराज मुकुल (2) श्रीलाल नथमल जोशी
(3) चन्द्रसिंह बिरकाली (4) मुरलीधर व्यास (2)

**व्याख्या–** श्रीलाल नथमल जोशी द्वारा रचित इस पुस्तक में एल. पी. टेस्सीटोरी की जीवनी वर्णित है।

15. राजरूपक के लेखक हैं?
(1) करणीदान (2) मानसिंह
(3) वीरभान (4) दलपत विजय (3)

**व्याख्या–** राजरूपक में जोधपुर के महाराजा अभयसिंह और गुजरात के सूबेदार शेर बुलंद खां की लड़ाई का वर्णन है।

16. भरतेश्वर बाहुबली घोर के लेखक हैं?
(1) शालीभद्र सूरी (2) कवि कल्लोल
(3) बादर ढाढ़ी (4) ब्रजसेन सूरी (4)

17. रामरासो के रचयिता हैं?
(1) सूर्यमल्ल मिश्रण (2) माधोदास दधवाड़िया
(3) शरंगधर (4) दलपत विजय (2)

**व्याख्या–** रामरासो में रामकथा पर आधारित एक हजार से अधिक छंदों का ग्रंथ है।

18. हम्मीर महाकाव्य के रचयिता हैं?
(1) सदाशिव भट्ट (2) जगजीवन भट्ट
(3) नयनचन्द्र सूरी (4) ग्वाल कवि (3)

19. कन्हैयालाल सेठिया को उनकी किस कृति के लिए 'सूर्यमल्ल मिश्रण शिखर पुरस्कार' मिला?
(1) लील टांस (2) धरती धोरां री
(3) पातल और पीतल (4) सबद (4)

20. निम्नलिखित में से कौन सी कविता सुनने के बाद, शाही नरेश (रॉयल किंग) ब्रिटिश वॉयसरॉय से मिलने के लिए दिल्ली नहीं गए थे?
(1) रूठी रानी (2) शैतान सुजस
(3) चेतावनी रा चुंगट्या (4) सांगला री पीड़ा (3)

21. निम्नलिखित लेखकों में किस की कहानी पर आधारित 'पहेली' फिल्म का निर्माण अमोल पालेकर द्वारा किया गया था?
(1) कन्हैयालाल सेठिया (2) विजयदान देथा
(3) सूर्यमल्ल मिश्रण (4) मणि मधुकर (2)

22. पुस्तक 'बारीक बात' के लेखक कौन हैं?
(1) कमर मेवाड़ी (2) रामस्वरूप किसान
(3) रामावतार अग्रवाल (4) मणि मधुकर (2)

23. 'पृथ्वीराज विजय' के लेखक थे?
(1) जगजीवन भट्ट (2) जयानक
(3) नयनचन्द्र सूरी (4) जोधराज (2)

24. निम्नलिखित में से कौनसा/कौनसे युग्म सुमेलित है –

| (लेखक) | (ग्रंथ) |
|---|---|
| A. करणीदान | I. सूरज प्रकाश |
| B. दौलत विजय | II. खुमाण रासो |
| C. पद्मनाभ | III. कान्हड़दे प्रबंध |
| D. श्रीधर व्यास | IV. अजीतोदय |

(1) A, B व C सही है। (2) B व D सही है
(3) सभी सही है (4) B, C व D सही है (1)

**व्याख्या–** अजीतोदय पुस्तक के लेखक 'जगजीवन भट्ट' थे। इस पुस्तक में मारवाड़ का इतिहास, महाराजा जसवंत सिंह व अजीत सिंह के समय के युद्धों, संधियों, साम्राज्य विस्तार, विजय, तत्कालीन परम्पराएँ, रीति रिवाज एवं राजनीतिक उपलब्धियों का वर्णन मिलता है।

25. काव्य संग्रह 'ढ़ाणी का आदमी' किसकी रचना है?
(1) अन्नाराम सुदामा (2) जयसिंह नीरज
(3) कल्याणमल लोढ़ा (4) महेन्द्र भाणावत (2)

26. निम्नलिखित में से असुमेलित युग्म को छांटिए–

| लेखक | ग्रंथ |
|---|---|
| (1) श्रीधर | 1. रणमल्ल छंद |
| (2) नरपति नाल्ह | 2. बीसलदेव रासो |
| (3) नल्ल सिंह | 3. विजयपाल रासो |
| (4) करणीदान | 4. वीरमायण |

(4)

**व्याख्या–** वीरमायण के लेखक 'बादर ढ़ाढी' थे। इस रचना का पुराना नाम 'बादर ढ़ाढी की निसाणियाँ' था, जोधपुर के महाराजा मानसिंह के काल में उनके आश्रित कवि बुधजी आशिया ने इसका प्रथम बार संकलन कर इसका नाम 'वीरमायण' रखा।

27. निम्न में से सूर्यमल्ल मिश्रण द्वारा रचित नहीं है?
(1) वीर सतसई (2) ललित ललाम
(3) रामरंजाट (4) छंदोमयूख (2)

**व्याख्या–** ललित ललाम और रसराज नामक ग्रन्थ मतिराम द्वारा रचित हैं, ये हिन्दी के प्रसिद्ध ब्रजभाषी कवि थे।

28. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है?

| रचना | लेखक |
|---|---|
| (1) बोल भारमली | – यादवेन्द्र शर्मा |
| (2) पागी | – चंद्रप्रकाश देवल |
| (3) कोडमदे | – मेघराज मुकुल |
| (4) पगफेरो | – मणि मधुकर |

(1)

**व्याख्या–** बोल भारमली 'सत्यप्रकाश जोशी' द्वारा रचित है।

29. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है?

| रचना | लेखक |
|---|---|
| (1) वीर विनोद | – श्यामलदास |
| (2) गोरा बादल री बात | – जटमल |
| (3) वीर सतसई | – सूर्यमल्ल मिश्रण |
| (4) सुजानचरित्र | – कृपाराम |

(4)

**व्याख्या–** सुजानचरित्र की रचना सूदन ने की है।

30. 'फाटका जंजाल' शीर्षक नाटक के लेखक कौन है?
(1) मुरलीधर व्यास (2) यादवेन्द्र शर्मा चन्द्र
(3) अर्जुनदेव चारण (4) शिवचन्द्र भरतिया (4)

31. निम्नलिखित में से असुमेलित को छांटिए–

| पुस्तक | लेखक |
|---|---|
| (1) हम्मीर हठ | – जयसिंह सूरी |
| (2) हम्मीर महाकाव्य | – नयन चन्द्र सूरी |
| (3) कान्हड़ दे–प्रबन्ध | – पद्मनाभ |
| (4) पृथ्वीराज विजय | – जयानक |

(1)

**व्याख्या–** हम्मीर हठ के रचनाकार चन्द्रशेखर हैं।

32. राजविलास की रचना किसने की?
(1) मान ने (2) जान कवि
(3) जल्ह कवि (4) कवि भीम (1)

**व्याख्या–** राजविलास के रचनाकार मानसिंह हैं, वीर रस प्रधान इस काव्य में महाराणा राजसिंह का औरंगजेब से युद्ध का वर्णन है।

33. 'एकलिंग महात्म्य' किस भाषा में लिखा गया है?
(1) सिंधी भाषा (2) मरू भाषा
(3) मराठी भाषा (4) संस्कृत (4)

**व्याख्या–** इसके रचयिता कान्हा व्यास हैं, इसका प्रथम भाग 'राज वर्णन' महाराणा कुम्भा ने लिखा है। इसमें मेवाड़ की व्यवस्था व तत्त्कालीन परिस्थितियों का वर्णन है।

34. निम्नलिखित में से किसका लेखक वीरभान था?
(1) राग कल्पद्रुम (2) रणखार
(3) राज रूपक (4) हम्मीरायण (3)

35. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रन्थ कुम्भा द्वारा रचित नहीं है?
(1) संगीत राज (2) रसिक प्रिया
(3) संगीत मीमांसा (4) राज वल्लभ (4)

**व्याख्या–** राजवल्लभ के रचयिता 'मंडन' हैं।

36. 'राग चंद्रिका' किसके द्वारा रचित है?
(1) कुम्भा (2) पुंडरिक विट्ठल
(3) द्वारकानाथ भट्ट (4) फकीरूल्ला (3)

37. निम्न में से कौन-सा ग्रन्थ जालौर की उपलब्धि के बारे में बताता है?
(1) पदमावत (2) रतन रासौ
(3) दयालदास री ख्यात (4) कान्हड़दे प्रबंध (4)

38. कवि सूर्यमल्ल मिश्रण की रचनाएँ किस भाषा में है?
(1) मेवाड़ी (2) हाड़ौती
(3) मारवाड़ी (4) मेवाती (2)

39. निम्न में से कौन सा एक उपन्यास रांगेय राघव द्वारा लिखित नहीं है?
(1) मुरदों का टीला (2) कब तक पुकारूं
(3) सीधा सादा रास्ता (4) मिट्टी का कलंक (4)

**व्याख्या–** मिट्टी का कलंक नामक रचना यादवेन्द्र शर्मा चन्द्र द्वारा रचित है।

40. रानी लक्ष्मी कुमारी चूण्डावत को पद्मश्री, उनके किस क्षेत्र में योगदान के लिए दिया गया?
(1) कला (2) हस्तशिल्प
(3) विज्ञान (4) साहित्यिक क्षेत्र (4)